# मयूरी विशेष विद्यालय,

(सेठ निनुऑराम चेरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अन्तर्गत)

# धौलपुर ज़िला, राजस्थान

**"हम होंगे कामयाब एक दिन"**




# वार्षिक रिपोर्ट 2014-15

(सेठ निनुऑराम चेरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अन्तर्गत)

# विषय-सूची


| क्रमांक | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सचिव की ओर से संदेश | 2 |
| 2. | दौना बनाने की मशीन का प्रशिक्षण | 3 |
| 3. | मयूरी विशेष विद्यालय में आधार कार्ड शिवर का आयोजन | 5 |
| 4. | शिक्षकों-अभिभावक की बैठक | 6 |
| 5. | 68 वॉ स्वतंत्रता दविस | 7 |
| 6. | शिक्षक दिवस | 9 |
| 7. | गांधी जयंती | 10 |
| 8. | समाज कल्याण सप्ताह | 11 |
| 9 | सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और श्रीमती इंदिरा गांधी बलिदान दिवस | 15 |
| 10. | बच्चों के रेलवे रियायत प्रपत्र | 18 |
| 11. | बाल दिवस | 19 |
| 12. | हवन कार्यक्रम | 22 |
| 13. | विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन | 23 |
| 14. | मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व मनाया गया | 31 |
| 15. | बसंत पंचमी पर्व मनाया गया | 32 |
| 16. | 66 वॉ गणतन्त्र दिवस | 33 |
| 17. | छात्रों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया | 38 |
| 18. | राजस्थान स्थापना दिवस | 39 |
| 19. | अभिभावक प्रतिक्रिया | 41 |

# सचिव की ओर से संदेश

सेठ निनुऑॅरामचेरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अन्तर्गत कार्यरत मयूरी विशेष विद्यालय वर्ष 2000 से विशेष रूप से धौलपुर जिले के निशक्तजनों की बेहतर जिंदगी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं| इसमें सभी अभिभावकों का सहयोग विशेष रूप से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने मैं रहा है| ये बच्चे आज साफ सफाई से रहते हैं| इनमें एक दूसरे की मदद करने की बहुत ही इच्छा शक्ति हैं| ये सब स्कूल में सेवार्थ सभी शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत से संभव हुआ हैं| स्कूल में समय- समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कड़ी मेहनत करके ये बच्चे भाग लेते रहे हैं और स्कूल से बाहर जाकर भी इन्होने स्वर्ण पदक, रजत पदक जीते है| ये सब हम सभी के मन को अत्यंत सुखदायी एवंम गौरवशाली बनाता हैं और इनको जीवन की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के लिए और ज्यादा प्रेरित करता हैं |

स्कूल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का व बच्चों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का वर्ष 2014-15 का ब्यौरा प्रस्तुत हैं|

स्कूल के आदर्श वाक्य " हम होंगे कामयाब एक दिन” के साथ|

विश्वास और सदभावना के साथ

**For & on behalf of**
**Seth Ninuaram Charitable**
**Public Welfare Society**
**Secretary**

# <u>1 दौना बनाने की मशीन का प्रशिक्षण</u>

संस्था द्वारा दिनॉक 25.04.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय में दौना बनाने की मशीन का प्रशिक्षण हुआ जिसमें दौना बनाने वाले कारीगरो को बुलाकर सभी बच्चों को दोना बनाना सिखाया गया। उदघाटन करने आये अग्रणी बैंक प्रबन्धक योगेश कुमार बंसल ने कहा कि मानसिक रूप् से कमजोर बच्चों के विकास के लिये सभी को सहयोग करना चाहिये। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडने की कोशिश हमेशा होती रहनी चाहिये और समाज में पूरा दर्जा दिया जाना चाहिये।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए मुरारी लाल सिंघल ने कहा कि विशेष बच्चों के कल्याण के लिए सरकार के माध्यम से अनेक योजनाये संचालित की जा रही हैं। इन योजना का लाभ बच्चों को मिले इसके लिए स्वयं सेवीयो' को आगे आना चाहिए। कार्यकर्म में पंजाब नेशनल बैंक धौलपुर शाखा प्रबन्धक श्री तरुण कुमार वधवा ने भी अपने विचार रखे।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 26 अप्रैल 2014

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2014 8

**पीएनबी ने मयूरी विशेष विद्यालय को दी दौना बनाने की मशीन**

## विशेष बच्चों को सहयोग के लिये हरसंभव प्रयास करने चाहिए – बंसल

धौलपुर 25 अप्रेल। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक योगेश बंसल ने कहा कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के विकास के लिये सभी को सहयोग करना चाहिये। इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है।

मयूरी विशेष विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीएम बंसल ने कहा कि इस प्रकार के बच्चों को समाज में पूरा दर्जा नहीं दिया जाता है और परिवार वाले भी उनकी उपेक्षा करते हैं जो गलत है। इन बच्चों को शिक्षण सहित भविष्य निर्माण के लिये हरसंभव सहायता प्रदान की जानी चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने बैंक द्वारा प्रदत्त मशीन का पूजन कर उदघाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये मुरारी लाल सिंघल ने कहा कि विशेष बच्चों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ बच्चों को मिले इसके लिये स्वयंसेवी संस्थानों को आगे आना चाहिये। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक धूलकोट शाखा प्रबंधक तरुण बाधवा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती पूजन के बाद विद्यालय की प्रबंध निदेशिका मधु गर्ग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संचालन प्रधानाध्यापिका चंचल बंसल ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक डॉ. आरएस गर्ग, शिवशंकर अग्रवाल, मुरारी यादव, नम्रता परमार, प्रीति आनन्द, रेखा त्यागी, केके बंसल, संजीव यादव सहित अन्य मौजूद थे।



» मयूरी विशेष विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 26 अप्रैल 2014

## लघु उद्योग से आते हैं आत्मनिर्भरता के गुण

धौलपुर. मयूरी विशेष विद्यालय में शुक्रवार को पीएनबी बैंक की ओर से दौने बनाने वाली मशीन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर मुख्य अग्रणी बैंक प्रबंधक योगेश कुमार मित्तल ने कहा कि लघु उद्योगों के सहयोग से आत्मनिर्भरता के गुण पैदा होते हैं तथा बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है।

इस अवसर पर बैंक प्रबंधक तरुण कुमार वाधवा ने बैंक की कई योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. आर. एस. गर्ग ने कहा कि समाज में विशेष बच्चों के विकास में सहयोग करने से समाज मजबूत होता है। इस अवसर पर कन्हैयालाल वैद्य, शिवशंकर, शंकरलाल सोनी, के.के. बंसल, मुरारीलाल यादव, मधु गर्ग, चंचल बंसल, रेखा, प्रीति आदि थे।



धौलपुर. विशेष विद्यालय में मशीन का शुभारंभ करते अतिथि।

राजस्थान पत्रिका 26 Apr. 2014

## विमंदित बच्चों को मिले योजनाओं का लाभ

### जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बांटी मशीनें: योगेश बंसल

26 Apr. 2014

भास्कर न्यूज . धौलपुर

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक योगेश बंसल ने कहा कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के विकास के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जरुरी है। बंसल मयूरी विशेष विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बच्चों को समाज में पूरा दर्जा नहीं दिया जाता है और परिवार वाले भी उनकी उपेक्षा करते हैं। जो गलत है।

इन बच्चों को शिक्षण सहित भविष्य निर्माण के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने बैंक द्वारा प्रदत्त मशीन का पूजन कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुरारी लाल सिंघल ने कहा कि विशेष बच्चों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाआ का लाभ बच्चों को मिले इसके लिए स्वयंसेवी संस्थानों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक धूलकोट शाखा प्रबंधक तरुण बाधवा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती पूजन के बाद विद्यालय की प्रबंध निदेशिका मधु गर्ग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संचालन प्रधानाध्यापक चंचल बंसल ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक डॉ.आरएस गर्ग, शिवशंकर अग्रवाल, मुरारी यादव, नम्रता परमार, प्रीति आनन्द, रेखा त्यागी, केके बंसल, संजीव यादव आदि मौजूद थे।



धौलपुर.विमंदित बच्चों को दी गई मशीन उद्घाटन करते अतिथि।

## <u>2 मयुरी विशेष विद्‍यालय में आधार कार्ड शिवर का आयोजन</u>

संस्था में दिनाक 28.04.2014 को विशेष बच्चों के आधार कार्ड बनाये। आधार कार्ड के लिए जयपुर से आई टीम ने ३१ बच्चों के कार्ड बनाये/ साधारण बच्चों की तरह सभी बच्चों ने अपने फिंगर प्रिंट और फोटो खिंचवाए/ इस अवसर पर विद्‍यालय का समस्त स्टाफ और संचालिका श्रीमती मधु गर्ग, चंचल बंसल, आदि उपस्थित थे/

समाचार पत्रिका दिनाक 29 अप्रैल 2014



29Ap. हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

# मयूरी विशेष विद्यालय में बच्चों के बनाये आधार कार्ड

2014

धौलपुर 28 अप्रेल। मयूरी विशेष विद्यालय में मंदबुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों के आधार कार्ड बनाये गये। आधार कार्ड बनाने के लिय जयपुर से टीट आई जिसने 31 बच्चों के आधार कार्ड बनाये। साधारण बच्चों की तरह सभी बच्चों ने अपने फिंगर प्रिंट एवं फोटो करवाये। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग, चंचल बंसल, नम्रता परमार, रेखा, प्रीती बघेला, प्रीति आनन्द आदि उपस्थित थे।

# 3 शिक्षकों.अभिभावक की बैठक

दिनाक 31.07.2014 एवं 16.10.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय मे शिक्षकों-अभिभावक की बैठक का आयोजन हुआ । इस बैठक में बच्चों को पढ़ाते समय आने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया । विद्यालय की संचलिका श्रीमती मधु गर्ग ने बच्चों की साफ.सफाई समस्याओं के बारे में जानकारी दी । इसी बीच अभिवावकों ने भी सामने आने वाली अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया ।



# 4 - 68वॉ स्वतंत्रता दिवस

संस्था द्वारा मयूरी विशेष विद्यालय में 68 वॉ स्वतंत्रता दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया इस कार्यकर्म में मुख्य अतिथि श्री राजेश शर्मा सचिव पी जी कालेज एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मनीष दधीच सचिव जवाहर नवोदय वधिलाय ने ध्वज रोहण कर सभी ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। साथ ही छात्र.छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्र.छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसकी समारोह में उपस्थिति सभी अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्तियो` ने सराहना की और सभी ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्दन किया अंत में अध्यक्ष ने बच्चों के उत्साह के लिये दो शब्द कहे और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 17 अगस्त 2014

**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस**

कुमार, प्रमवाइ आदि उपस्थित थे।

**मयूरी विशेष विद्यालय**

मयूरी विशेष विद्यालय में 68 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह के



सैपऊ...मार्च पास्ट की सलामी ले

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा थे जबकि अध्यक्षता मनीष दाधीच ने की। इसके पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। डॉ. आरएस गर्ग ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संचालिका मधु गर्ग, चंचल बंसल, मनीष शर्मा, गुड़िया, रेखा, नम्रता, रश्मि, रेनू आदि उपस्थित्त थे।

**राजस्थान पत्रिका**

धौलपुर, रविवार 17 अगस्त 2014

...सक्सैना, विश्वनाथ बुधराजा, नत्थीलाल शर्मा, राजेश उपाध्याय, शैलेन्द्र राना, रामदर्शन, भगवती प्रसाद, मुकेश सिकरवार, रामदत्त श्रोती, मदन मोहन शर्मा, रनजीत दिवाकर आदि थे। मयूरी विशेष विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मनीष दाधीच ने ध्वजारोहण किया।इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। डॉ. आरएस गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर संचालिका मधु गर्ग, प्रधानाचार्या चंचल बंसल, मनीष शर्मा, गुडिया, रेखा, नम्रता, रश्मि, रेनू आदि थे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सैमरपुरा बरेठा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बुजुर्ग श्रीचंद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य...





छात्राओं के दवारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# 5 शिक्षक दिवस

विद्यालय में 05.09.2014 को शिक्षक दिवस  बड़े धूम धाम से मनाया गया । सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में यह शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं । विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में माँ सरस्वती का चित्र एवं राधाकृष्ण का चित्र लगाकर पूजा अर्चना की । विद्यालय की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग ने माँ सरस्वती एवं राधाकृष्ण के चित्र पर माला अर्पण की और पूजा अर्चना की ।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 06 सितम्बर 2014

## मयूरी विशेष विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया

धौलपुर 6 सितम्बर। मयूरी विशेष विद्यालय में निशक्तजन छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ समाज सेवी डॉ. आरएस गर्ग के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुये डॉ. गर्ग ने कहा कि बच्चों के चरित्र निर्माण में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने विद्यालय के निशक्तजन बच्चों की गतिविधियों पर प्रकाश डालकर शिक्षकों के महत्व की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी विपतीराम गर्ग ने की। कार्यक्रम में निशक्तजन बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को बच्चों ने टेलीविजन के माध्यम से बड़े ही ध्यान से देखा तथा समझने की कोशिश की। इस मौके पर शिवशंकर अग्रवाल, निरोतीलाल गर्ग, कायम सिंह, कन्हैयालाल शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर, महेन्द्र त्यागी, रामकुमार गर्ग, चंचल बंसल, विनोद तौमर, राघवेन्द्र सिंह, मुकेश यादव, नीरज बाथम, पंकज सिंह आदि उपस्थित थे।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रक
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। स्था

दैनिक भास्कर
भरतपुर (धौलपुर), रविवार, 7 सितंबर, 2

## शिक्षक ही समाज का प्रकाश स्तंभ

भास्कर न्यूज.धौलपुर

राजकीय उच्च माध्यमिक महाराना स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य मणिकांत दुबे ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक धरोहर सेवा वाहिनी, राष्ट्रीय सेवा योजना, विज्ञान क्लब, पुलिस कैडेट यूनिट के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता है। वह स्वयं जलकर समाज को प्रकाश देता है। इस मौके पद पीएम नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन का प्रसारण बच्चों ने सुना। शहर के इकरा सैकेंडरी स्कूल में विद्यालय निदेशक माजिद शरीफी के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल निदेशक शरीफी ने छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर गिर्राज सिंह, मुमताज सहित आदि स्कूल स्टाफ मौजूद था।

मयूरी विद्यालय में निशक्तजन छात्र-छात्राओं की ओर से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरएस गर्ग थे। इस मौके पर डॉ. आरएस गर्ग ने कहा कि बच्चों के चरित्र निर्माण में शिक्षकों की महत्ती जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर शिवशंकर अग्रवाल, निरोत्तीलाल गर्ग, कायम सिंह, कन्हैयालाल शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, नरेंद्र तोमर, महेंद्र त्यागी, राजकुमार गर्ग, राघवेंद्र उपाध्याय, चंचल बंसल, विनोद तोमर आदि मौजूद थे।



धौलपुर. भारत विकास परिषद की ओर से शिक्षक दिवस पर गुरुवंदना में मौजूद विद्यार्थी।

### शिक्षक समाज को शिक्षित करता है

जीटी रोड स्थित इंदिरा गांधी शिक्षण संस्थान में शिक्षक दिवस पर एडीजे सतीश चंद्र कौशिक ने कहा कि शिक्षक समाज ही प्रकाश स्तंभ है जो स्वयं जलकर दूसरो को प्रकाश देता है। एडीजे कौशिक कैथरी रिसोर्ट में द्वितीय शिक्षक सम्मान समारोह में बोल रहे थे। संस्था अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सोनाली दत्त शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन अनिल मिश्रा ने किया।

### गुरुजनों व छात्रों का हुआ सम्मान

भारत विकास परिषद की ओर से शिक्षक दिवस पर आदर्श विद्यामंदिर आवासन मंडल परिसर में गुरुवंदना व छात्र अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। जिसमें 12 गुरुजनों व 12 छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता देवकीनंदन शर्मा थे। परिषद के अशोक सक्सेना ने ऋषि कुलों एवं गुरुकुलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ मनोज शर्मा, राजीव तोमर, विमल भार्गव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन केशव शर्मा ने किया।


### बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

सतीश विद्या वैली स्कूल में टीचर्स डे उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी तथा रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। डायरेक्टर गौरव शर्मा ने टीचर्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक की वंदना ईश्वर से पहले की गई है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक भी तन मन व धन से विद्यार्थियों का सहयोग करें। इस मौके पर स्कूल में निशुल्क शिक्षण व्यवस्था में सहयोग करने वाले शिक्षक श्रीकृष्ण बंसल व श्रीकृष्ण दीक्षित को सम्मानित किया गया।

# 6 गांधी जयंती

दिनॉक 02.10.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय में गांधीजी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस एवं स्वछता अभियान पूरे जोश के साथ मनाया गया। जिस्मे विद्यालय प्रज्ञना में गांधीजी की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित किये गए। शिक्षिकाओं ने गांधी जयंती की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर बच्चों को मिठाईयॉ वितरित की गई।

समाचार पत्रिका दिनाक 02 अक्ट्बर 2014


गॉंधी जयंती

2 oct. 2014

धौलपुर. गांधी जयंती मनाते बच्चे।

मयूरी विशेष विद्यालय में सभी ने बापू एवं शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संचालक मधु गर्ग ने स्वच्छता अभियान पर प्रकाश डाला। विद्यालय में छात्र-छात्रा एवं स्टाफ ने झाडू लगाकर सफाई की। इस मौके पर रेखा त्यागी, गुडिया, प्रीति, रश्मि, ईश्वर शास्त्री आदि मौजूद थे।

राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में प्राचार्य डॉ.रमेशचंद नसवारिया ने गांधी एवं शास्त्री जयंती पर उदबोधन दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक सोच रखनी चाहिए।

# 7 समाज कल्याण सप्ताह

दिनॉक 07.10.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण मनाया गया । यह आयोजन सामाजिक न्याय व आधिकारिकता विभाग के माध्यम से समाज कल्याण का समापन महिला बल विकास उपनिर्देशक श्री अमर सिंह चहार के मुख्य अतिथि के चर कमलो दुआरा सम्पण हुआ ।

समाज कल्याण अधिकारी श्री अरविन्द सैनी ने राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर सप्ताहः भर चले कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 08 अक्टूबर 2014

राजस्थान पत्रिका
धौलपुर . बुधवार
08.10.2014

धौलपुर



धौलपुर. समाज कल्याण सप्ताह के समापन कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

## 'आमजन को मिले योजनाओं का लाभ'

### समाज कल्याण सप्ताह का समापन

धौलपुर
alwar@patrika.com

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को मयूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण सप्ताह का समापन महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक अमर सिंह चाहर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि चाहर ने कहा कि हमें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

समाज कल्याण अधिकारी अरविंद सैनी ने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर सप्ताह भर चले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. आर.एस. गर्ग ने कहा कि इस विद्यालय में पूरे जिले के मंदबुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय में चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी देकर सरकार की ओर से चलाई जा रही योजना मिडडे मील, रेलवे तथा बस पास, चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं विकलांग पेंशन दिए जाने की बात कही। कार्यक्रम में मूक बधिर एवं मंदबुद्धि बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से जनसमूह का मन मोह लिया। इस मौके पर मुरारीलाल सिंघल, कायम सिंह, निरोतीलाल, शिवशंकर अग्रवाल, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तोमर, कन्हैया लाल, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, गोविंद शर्मा, भगवान स्वरूप, मनोज अग्रवाल, नेमीचंद अग्रवाल, रेखा, गुडिया, प्रीति, नम्रता, रश्मि, मुन्नालाल, कोमल सिंह आदि थे।



धौलपुर. कार्यक्रम में मौजूद लोग एवं बच्चे।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 08 अक्टूबर 2014

## समाज कल्याण सप्ताह का समापन

# मयूरी विशेष विद्यालय में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

धौलपुर 7 अक्टूबर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मंगलवार को मयूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण सप्ताह का समापन महिला बाल विकास उपनिदेशक अमर सिंह चाहर के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि चाहर ने कहा कि हमें सरकार की जन कल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिये। समाज कल्याण अधिकारी अरविन्द सैनी ने राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर सप्ताह भर चले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाज सेवी डॉ. आरएस गर्ग ने कहा कि इस विद्यालय में पूरे जिले के मंदबुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय में चलायी जा रही गतिविधियों की जानकारी देकर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना मिड-डे मील, रेल्वे, बस पास, चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं विकलांग पेंशन दिये



मयूरी विशेष विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण

जाने की बात कही। कार्यक्रम में मूक बधिर एवं मंद बुद्धि बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुरारी लाल सिंघल, कायम सिंह, निरोती लाल, शिवशंकर अग्रवाल, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर, कन्हैया लाल, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, गोविन्द शर्मा, भगवान स्वरूप, मनोज अग्रवाल, नेमीचंद अग्रवाल, रेखा, गुड़िया, प्रीति, नम्रता, रश्मि मुन्नालाल, कोमल सिंह, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लें लाभ

## मयूरी विद्यालय में समाज कल्याण सप्ताह का समापन

धौलपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मंगलवार को मयूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण सप्ताह का समापन महिला बाल विकास उप निदेशक अमर सिंह चाहर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि अमर सिंह चाहर ने कहा कि हमें सरकार की जन कल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

समाज कल्याण अधिकारी अरविंद सैनी ने कहा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर सप्ताहभर चले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग ने कहा कि इस विद्यालय में पूरे जिले के मंदबुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ समाज की मुख्य धारा में जोडने का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय संचालिका मधु गर्ग ने कहा कि स्वागत भाषण में विद्यालय में चलाई जा रही सभी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ देने पर बल दिया। इस दौरान मूक-बधिर व मंदबुद्धि बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर मुरारीलाल सिंघल, कायम सिंह, निरोतीलाल, शिवशंकर अग्रवाल, संजीव श्रीवास्तव, नरेंद्र तोमर, कन्हैया लाल, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, गोविन्द शर्मा, रेखा, गुडिया, प्रीति, नम्रता, रश्मि, मुन्नालाल, कोमल सिंह, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे। उधर, श्रीश्याम शिक्षा समिति द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में समाज कल्याण सप्ताह के तहत विशेष योग्यजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत शर्मा बाल कल्याण समिति सदस्य ने की। इस दौरान विमंदित बच्चों ने विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया और उन्हें फल वितरित किए गए। इस अवसर पर मनीष कुमार, प्रियंका, अशोक, मान सिंह आदि मौजूद थे। सप्ताह के तहत अधिाकरियों ने लोगों को विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए जागरूक होने की जरूरत बताई।






अतिथिगन को समानित करते हुए श्री आर०एस०गर्ग एवं श्रीमती मधु गर्ग ।







अतिथिगन को समानित करते हए श्री आर०एस०गर्ग एवं श्रीमती मधु गर्ग ।










छात्राओं के दवारा सामहिक नत्य प्रस्तत  किया  गया।

# 8 सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और श्रीमती इंदिरा गांधी बलिदान दिवस

दिनॉक 31.10.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया । जिस्मे विद्यालय प्रांगण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित किये गए । इस अवसर पर बच्चों को मिठाईयॉ वितरित की गई।

इस अवसर पर संस्था सचिव श्री डॉ आर एस गर्ग ने सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर उनके चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा की भारत उनकी सेवाओं को कभी नहीं भूल सकता ।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 01 नवंबर 2014



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस 1 Nov. 2014

**सरदार वल्लभभाई पटेल व इंदिरा गांधी को किया याद**

**एकता व अखण्डता की दिलाई शपथ**

**विभिन्न संस्थाओं में मना राष्ट्रीय एकता दिवस**

धौलपुर 31 अक्टूबर। जिलेभर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया। इस मौके पर संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किये और उन्हें भारत की एकता व अखण्डता के कर्णधार बताया।

**मयूरी विशेष विद्यालय**

मयूरी विशेष विद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय प्रांगण में लौह पुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तथा छात्र-छात्रों व स्टाफ द्वारा पुष्प अर्पित किये गये। इस अवसर पर बच्चों को लौह पुरुष के बारे में बाते बताई गई तथा सामूहिक दौड़ का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मधु गर्ग, रेखा त्यागी, गुडिया, प्रीति, रश्मि, ईश्वर शास्त्री, मुकेश रावत, गोपाल, हरेन्द्र बघेल, भगवानदास आदि उपस्थित थे।

धौलपुर..राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संबोधित करते व्याख्याता

छात्राएं उपस्थित थे।

**राजकीय कन्या महाविद्यालय**

प्रथम, अजय कुमार द्वितीय तथा प्रदीपक तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में रोहित कुमार प्रथम, भकम सिंह द्वितीय तथा ओमवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 01 नवंबर 2014

राजस्थान पत्रिका 1 Nov. 2014

एकता दौड़ में शामिल हुए लोग, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस म

# दिलाया एकता व अखण्डता क



धौलपुर. एकता दिवस पर महाराणा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।



धौलपुर. एकता दौड़ में हिस्सा लेते सांसद एवं जिला कलक्टर तथा अन्य लोग।

सैपऊ. एव



मनियां. कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।



मनियां. एकता की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ।

एकता व अखंडता की शपथ दिलाई।

चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि वो मानवता की मिसाल थीं। प्रदेश सचिव अशोक शर्मा ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर गिरिजा शंकर शर्मा, दिनेश, नाथूसिंह, दिनेश शर्मा, कुंवर सेन, विशन आदि थे।

विवेकानंद महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। मुख्य अतिथि भूपेन्द्र कुमार सक्सेना ने

बाबूलाल शर्मा की अध्यक्षता एवं

की शपथ दिलाई।

मयुरी विशेष विद्यालय में पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सामूहिक दौड़ में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इस मौके पर मधु गर्ग, रेखा त्यागी, गुडिया, प्रीति, रश्मि, ईश्वर शास्त्री, मुकेश रावत, गोपाल, हरेन्द्र, भगवानदास आदि मौजूद थे।

श्रीमति मथुरादेवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कौलारी में पटेल की जयंती पर कई प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रेम सिंह तोमर ने किया। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने

कविता 'धन्य देश भारत, धन-धन

श्यामसुंदर शर्मा, दर्शनलाल आदि मौजूद थे।

गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस शक्तिपीठ पर मनाया गया। राष्ट्रीय अखण्डता व एकता की प्रतीक विचार क्रांति की लालमशाल के समक्ष 24 दीप प्रज्जवलित किए गए। इस दौरान एडवोकेट अतुल भार्गव, नोबत लाल, राजेन्द्र शर्मा ने दीपयज्ञ कराया। कार्यक्रम में नत्थीलाल शर्मा, धीर सिंह जादौन, दक्ष कुमार, बलवीर सिंह, प्रताप सिंह आदि थे।

राजाखेड़ा. सरदार वल्लभ भाई

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई पटेल जयंती

## जिले भर में हुए कार्यक्रम, बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, जगह-जगह निकाली रैलियां, एकता के लिए दौड़े बच्चे






सैंपऊ. एकता दिवस पर रैली निकालते स्कूली बच्चे।

## विभिन्न संस्थाओं ने भी मनाया एकता दिवस

धौलपुर. सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिले की विभिन्न शिक्षण एवं गैर शिक्षण संस्थाओं ने भी एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कहीं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ तो कही प्रभातफेरी निकाली गई।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि भारत संघ का वर्तमान स्वरूप सरदार पटेल की देन है। यहां तक खुद गांधी जी ने भी अपनी डांडी यात्रा की सफलता का श्रेय सरदार पटेल को दिया था। वहीं राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें प्राचार्य मानसिंह कुशवाह ने छात्रों को इस दिवस का महत्व बताया। कार्यक्रम में राघवेंद्र पछगइयां, रामनरेश शर्मा, विनोद कुमार शर्मा

महाविद्यालय के प्रवक्ता मदन मोहन शर्मा ने सरदार पटेल के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। मयूरी विशेष विद्यालय में भी सरदार पटेल की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मधु गर्ग, रेखा त्यागी समेत विद्यालय का पूरा स्टॉफ मौजूद था। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनियां में प्रधानाचार्य दयाकांत सक्सेना ने सरदार पटेल को याद किया। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में एनएसएस के सेवकों ने सरदार पटेल की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बाबूलाल शर्मा ने की। इस मौके पर डॉ. आईपी सिंह, डॉ. डीके बंसल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. सुरेंद्र जैन एवं डॉ. मनोज कुमार सिनसिनवार समेत समस्त व्याख्याता एवं छात्र छात्राएं मौजूद थी। इसी प्रकार राजीव गांधी युवा विकास



## 9 मयुरी विशेष विद्‌यालय में बच्चों के रेलवे रियायत प्रपत्र बनाये

संस्था में दिनॉक 07.11.2014 को विशेष बच्चों के रेलवे रियायत प्रपत्र बनाये। रेलवे रियायत प्रपत्र_बनाने के लिए डा थान सिंह जाटव जिला अस्पताल धौलपुर द्‌वारा प्रक्रिया सम्पन हुई। इस अवसर पर विद्‌यालय का समस्त स्टाफ और संचालिका श्रीमती मधु गर्ग, चंचल बंसल, आदि उपस्थित थे ।



# 10 बाल दिवस

दिनॉक 14.11.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन के रूप में बाल दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया । जिसमे विद्यालय प्रांगण में पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित किये गए । इस अवसर पर बच्चों मिठाईयॉ वितरित की गई एवं बच्चों के दुऑरा सांस्कृतकि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिस्ने सब का मन मोह लिया।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 15 नवंबर 2014



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस धौलपुर, शनिवार 15 नवम्बर 2014

## विभिन्न संस्थानों में मना बाल दिवस

### बच्चों ने चाचा नेहरू को किया याद

**मयूरी विशेष विद्यालय**

मयूरी विशेष विद्यालय में प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पं.जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तथा छात्र-छात्रों व स्टाफ द्वारा पुष्प अर्पित किये गये। इस अवसर पर संचालिका मधु गर्ग ने बच्चों को पं.जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अतः बच्चों को मचकुण्ड एवं गौशाला का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर रेखा त्यागी, मनीष शर्मा, ईश्वर शास्त्री, मुकेश रावत, गुडिया, प्रीति, रश्मि, गोपाल, हरेन्द्र, भगवानदास आदि उपस्थित थे।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 15 नवंबर 2014

राजस्थान पत्रिका
धौलपुर . शनिवार
15.11.2014

धौलपुर

नेहरू जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं सहित अन्य आयोजन, बच्चों को किया पुरस्कृत

# शिक्षण संस्थानों में मना

# बाल दिवस

मयूरी विशेष विद्यालय में बाल दिवस उत्साह से मनाया गया। जिसमें विद्यालय प्रांगण में पं. जवाहरलाल नेहरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा विद्यार्थियों व स्टाफ ने पुष्प अर्पित किए। विद्यालय संचालिका मधु गर्ग ने बच्चों को पं. नेहरु की जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों को मचकुण्ड एवं गौशाला का भ्रमण किा गया। इस मौके पर रेता त्यागी, मनीष शर्मा, ईश्वर शास्त्री, मुकेश रावत, गुडिया, प्रीती, रश्मि, गोपाल, हरेन्द्र व भगवानदास आदि थे।

## 11 हवन कार्यक्रम

विद्यालय में 15.11.2014 को वैदिक विधि विधान से हवन कराया गया। विद्यालय की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग के परामर्श पर आर्य समाज के आर्य वेद मुनि एवं आर्य श्री रघुवीर मुनि के द्वारा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक लाभार्थ के लिए हवन किया ।



# 12 विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

दिनॉक 03.12.2014 को मयूरी विशेष विद्यालय में दो दिवसीय विश्व विकलांगता दिवस आयोजित हुआ । यह आयोजन समाज कल्याण अधिकारी श्री मनोज आर्य के आथित्य में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता समाज सेवी श्री डॉ आर एस गर्ग ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

सामाजिक न्याय व आधिकारिकता विभाग की ओर से विश्व विकलांगता दिवस का समापन 14.12.2014 को विद्यालय मे जिला कलेक्टर कुमार पाल गौतम साहब के मुख्य अतिथि के कर कमलो द्वारा सम्प्न हुआ इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसने सब का मन मोह लिया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि हम विशेष बच्चों को आत्म निर्भर बनाये यह बच्ये सामान्य बच्चों से ज्यादा अनुशासित होते हैं ।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 05 दिसंबर 2014



अमर उजाला राजस्थान

## विकलांगों की सेवा पुनीत कार्य

विश्व विकलांग दिवस के मौके पर हुए आयोजन, उनके पुनर्वास पर की चर्चा

धौलपुर में विश्व विकलांग दिवस के मौके पर आयोजित रैली में मौजूद प्रतिभागी और प्रतियोगिता में भाग लेते नि:शक्त बच्चे।

अमर उजाला ब्यूरो

**धौलपुर।** विश्व विकलांग दिवस के मौके पर बुधवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर विकलांगों के कल्याण तथा पुनर्वास पर चर्चा हुई।

मयूरी विशेष विद्यालय में आयोजित किया गया आयोजन

प्रतियोगिताएं कराई गई, रस्साकसी में सुभाष हाउस ने मारी बाजी

विश्व विकलांग दिवस के मौके पर नि:शक्तजनों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को स्थानीय मयूरी विशेष विद्यालय में आयोजित की गई। आयोजन के मुख्य अतिथि समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य ने कहा कि सरकार द्वारा विकलांगों के पुनर्वास के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। लेकिन इस संबंध में समाज को भी सकारात्मक सोच लानी होगी। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी डा. आरएस गर्ग ने कहा कि विकलांग बच्चों में भी कई प्रतिभाएं होतीं हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से इन प्रतिभाओं को और निखारने का मौका मिलता है। विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में मोनिका तथा अंकित ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में रस्साकशी की स्पर्द्धा में सुभाष हाउस ने आजाद हाउस को हराया। प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को होगा। उधर, आज ही सर्व शिक्षा अभियान के तहत जागरूकता रैली आयोजित्त की गई। स्थानीय नगर परिषद से शुरू हुई रैली शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए सिटी जुबली हाल स्कूल पहुंची। रैली में शामिल बच्चों ने विकलांगों के अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का संदेश दिया। बाद में स्कूल में इस संबंध में एक सेमीनार हुई।

आयोजन के मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति रितेष शर्मा थे, जबकि अध्यक्षता सर्व शिक्षा अभियान के अपर परियोजना समन्वयक चंद्रभान शर्मा ने की। आयोजन में विकलांगों बच्चों के हितों के संबंध में चर्चा हुई।

# विश्व विकलांगता दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली

## मूक बधिर बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

भास्कर न्यूज़ . धौलपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर शहर में रैली निकाली गई। जिसे अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो हरिदेव नगर, जगन चौराहा, लालबाजार व नगर परिषद होती हुई वापस स्कूल पहुंची।

जिला स्तरीय निशक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन म्यूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य के मुख्य आतिथ्य एवं डा. आरएस गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि गर्ग ने कहा कि मंदबुद्धि व मूकबाधिर बच्चों में भी अनेक प्रतिभाएं होती हैं। जिन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगे आने का अवसर मिलता है। अध्यक्ष डा. गर्ग ने कहा कि हमें ऐसे बच्चों का उत्साह बढ़ाना चाहिए। विद्यालय संचालिका मधु गर्ग ने अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में रस्साकसी में सुभाष हाउस ने आजाद हाउस को हराया। म्यूजिकल चैयररेस में मूकबाधिर छात्रा मोनिका तथा मंदबुद्धि छात्र अंकित ने जीत हासिल की। कार्यक्रम में थ्रोबॉल, दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तोमर, शंकरलाल अग्रवाल, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, कोमलसिंह, मुन्नालाल, नम्रता, रेखा, प्रीती, गुड़िया आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार क्रीड़ा प्रतियोगिता व विश्व विकलांगता दिवस का समापन समारोह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिटी जुबली हॉल में नगर परिषद सभापति रितेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि इन बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता करेंगे। अध्यक्षता एसीपी चन्द्रभान शर्मा व विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश कर्दम, संपतराम मीणा थे। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में बलराम बैरवा, कैलाशचन्द्र मीणा, योगेश शर्मा, सूर्यप्रकाश, वीरीसिंह, नीरू शर्मा, रामकृष्ण, शैलेन्द्र, चन्द्रभान ,परमजीत आदि शामिल थे। संचालन रूपसिंह ने किया।

**बाड़ीः** तालुका विधिक सेवा समिति बाड़ी की ओर से अंतराष्ट्रीय निशक्तजन दिवस का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुंदर लाल वंशीवाल ने निशक्तजन अधिनियम 1995 के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने निशक्तजन को समाज का अंग बताते हुए समाज की मुख्य धारा में जोडने का आह्वान किया। इस मौके पर अभिभाषक संघ बाडी के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने निशक्तजन अधिनियम में हुए संशोधन में निशक्तजन को विशेष जन के रूप में संबोधित किये जाने की जानकारी दी। संगोष्ठी में अन्य अभिभाषकगणों ने भी अपने विचार रखे।




धौलपुर. विश्व विकलांगता दिवस पर रैली निकालते स्कूली छात्र।



धौलपुर. रस्साकसी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते निशक्त छात्र।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस 5/12/14

# नि :शक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

एक्सप्रेस न्यूज



» धौलपुर... क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर मौजूद अतिथिगण

धौलपुर 4 दिसम्बर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर आयोजित निःशक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को मयूरी विशेष विद्यालय में जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

समापन समारोह को सम्बोधित करते हुये जिला कलक्टर ने कहा कि हम निःशक्तजन बच्चों को आत्म निर्भर बनाये, यह बच्चे सामान्य बच्चों से अधिक अनुशासित होते हैं और इनमें आपसी सहयोग की भावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि समाज को इन बच्चों के प्रति अपनी भावना बदलनी होगी और इन्हें प्रोत्साहित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़े। समारोह मे इन मूक बधिर बच्चों के शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थितजन समूह का मनमोह लिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य ने सरकार द्वारा निःशक्तजन बच्चों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। समारोह के विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गणेश धाकरे ने शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। संस्था सचिव डॉ. आरएस गर्ग ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय द्वारा निःशक्तजन बच्चों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। संथा की संचालिका मधु गर्ग ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में विजेता बच्चों को पुरुस्कार वितरित किये गये। समारोह में सेठ विपतीराम गर्ग, रामकुमार गर्ग, विनोद पूर्णावत, विशम्बर दयाल शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुरारीलाल सिंघल, निरोतीलाल गर्ग, नेमीचंद अग्रवल, शंकर लाल सोनी, मुन्नालाल गोयल, शिवशंकर अग्रवाल, मुकेश गोयल, जयंत मोदी, शंकर लाल बंसल, केके बंसल, कन्हैया लाल शर्मा, अनिल सिंघल, गौरी शंकर सरपंच, मुरारीलाल यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया।



धौलपुर. निःशक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता के कार्यक्रम में मौजूद बच्चे एवं अन्य लोग।

राजस्थान पत्रिका 5/12/14

# निःशक्तजनों को आत्मनिर्भर बनाए - गौतम

धौलपुर

alwar@patrika.com

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से विश्व विकलांग दिवस पर निःशक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को मूयरी विशेष विद्यालय में जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि हम निःशक्तजन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाएं। यह बच्चे सामान्य बच्चों से अधिक अनुशासित होते हैं और इनमें आपसी सहयोग की भावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि समाज को इन बच्चों के प्रति अपनी भावना बदलती होगी और इन्हें प्रोत्साहित कर समाज की मुख्य धार से जोड़ें। समारोह में मूक बधिर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

अध्यक्षता करते हुए समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य ने सरकार की ओर से निःशक्तजन बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गणेश धाकरे ने शिक्षा विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

संस्था सचिव डॉ. आर. एस. गर्ग ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय की ओर से निःशक्तजन बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाएं बताईं।

संचालिका मधु गर्ग ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर सेठ विपतीराम गर्ग, रामकुमार गर्ग, विनोद पूर्णावत, विशम्भरदयाल शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तोमर, मुरारीलाल सिंघल, निरोतीलाल गर्ग आदि मौजूद थे।



धौलपुर. कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।



धौलपुर... मयूरी विशेष विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेते निःशक्त बच्चे

# नि :शक्त बच्चों ने खेल में दिखाया भारी उत्साह

## मयूरी विशेष विद्यालय में विश्व विकलांग दिवस मनाया

एक्सप्रेस न्यूज

धौलपुर 3 दिसम्बर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय निःशक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मयूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग ने की।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मनोज आर्य ने कहा कि मंदबुद्धि और मूक बधिर बच्चों में भी अनेकों प्रतिभायें होती है ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें आगे आने का अवसर मिलता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग ने कहा कि हमें ऐसे बच्चों का उत्साह बढ़ाना चाहिये। विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में रस्साकसी में सुभाष हाउस ने आजाद हाउस को हराया। इसी प्रकार म्यूजिकल चेयर रेस में मूक बधिर छात्रा मोनिका तथा मंदबुद्धि छात्र अंकित ने विजय हासिल की। प्रतियोगिता में रस्साकसी, थ्रोबॉल, दौड़, चेयर रेस, चम्मच दौड़, बैडमिंटन का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर, शंकर लाल अग्रवाल, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, कोमल सिंह, मुन्नालाल, नम्रता, रेखा, प्रीति, गुड़िया आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता समापन समारोह गुरुवार को दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम होंगे। अध्यक्षता समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य तथा विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गणेश धाकरे होंगे।




धौलपुर... खेल प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित अतिथिगण










दो दिवसीय विश्व विकलांगता दिवस_का आयोजन करती शिक्षिकाये।









छात्रओं के दवारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।











अतिथिगन सभा को सम्भोदित करते हुए ।

## 13 मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व मनाया गया

दिनॉक 14.01.2015 को मयूरी विशेष विद्यालय में मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व पुरे जोश के साथ मनाया गया । शिक्षिकाओं ने मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर सभी बच्चों ने एकत्रित होकर सभी बच्चों ने अग्नि मे लकड़ी एवं तिल के लड्डू, मक्का के दाने, इत्यादि सामग्री प्रज्वलित कि।



# 14 बसंत पंचमी पर्व मनाया गया

दिनॉक 24.01.2015 को मयूरी विशेष विद्यालय में बसंत पंचमी पर्व आनंदोल्लास के साथ मनाया गया । सबसे पहले माँ सरस्वती का चित्र लगाकर पूजा अर्चना की । विधलया की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग ने माँ सरस्वती के चित्र पर माला अर्पण की और पूजा अर्चना की शिक्षिकाओं ने बसंत पंचमी पर्व की जानकारी बच्चों को दी।

समाचार पत्रिका दिनाक 25 जनवरी 2015

धौलपुर, रविवार 25 जनवरी 2015 | 6

## विभिन्न संस्थानों में मनी बसंत पंचमी



**धौलपुर 24 जनवरी।** शहरभर के विभिन्न शैक्षिण संस्थानों पर बसंत पंचमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया तथा पीले परिधानों को पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### पं.उमादत्त पब्लिक स्कूल

पं.उमादत्त पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.पंकज वशिष्ठ ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया और सरस्वती मां की वंदना की गई। मां सरस्वती को पीले फूलों की माला व प्रसाद चढ़ाया गया। विद्यालय के चेयरमैन उपेन्द्र दत्त शर्मा द्वारा सभी बच्चों को बसंत पंचमी की बधाई देते हुएं बताया गया कि आज का दिन मां सरस्वती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मां सरस्वती की विद्या की देवी के रूप में भी जाना जाता है और छात्रों को तो मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त करना चाहिए। सभी बच्चे आज पीले वस्त्र पहनकर मां सरस्वती के लिये पीले फूलों लेकर आये जो उन्होंने सरस्वती मां को भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया।

### राजकीय कन्या महाविद्यालय

राजकीय कन्या महाविद्यालय में मां सरस्वती के दिवस के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर रोली चावल से तिलक कर डिम्पल, पूजा जादौन और प्रतिभा शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। छात्रसंघ अध्यक्ष बुलबुल गुर्जर द्वारा आज के दिन कठिन परिश्रम कर अच्छे अंको से उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन करने का छात्राओं का आह्वान किया। इस अवसर पर जयश्री पोषवाल, प्रतिभा शर्मा, संयुक्त सचिव रश्मि पहाड़िया, उपाध्यक्ष रीना, महासचिव चंचल कश्यप, डॉ.पी.के.सिंह, डॉ.राजवाला सिंह, डॉ.लक्ष्मी गुप्ता, रंजना सिंघल, सुनील सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### मयूरी विशेष विद्यालय

मयूरी विशेष विद्यालय सें बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सभी बच्चे एवं स्टाफ रंग बिरंगी पोषाक पहने हुए थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा लोकगीत, कविता, कहानिया एवं नृत्य प्रस्तुत किये जिससे विद्यालय वातावरण बसंतमय हो गया। विद्यालय स्टाफ द्वारा बालकों को मिल जुलकर रहने की सीख दी। इस अवसर पर संस्था संचालिका मधु गर्ग एवं स्टाफ उपस्थित था।

# 15 - 66वॉ गणतन्त्र दिवस

संस्था द्वारा  मयूरी विशेष विद्यालय में 66 वॉ गणतन्त्र दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया इस कार्यकर्म में मुख्य अतिथि जिला किसान समिति धोलपुर के अध्यक्ष श्रीमान कायम सिंह परमार तथा विशिष्ट अथिति श्री सुरेश चन्द्र मीना, अभियन्ता विद्युत विभाग एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के सचिव श्री मनीश दधिचि थे। संस्था सचिव श्री आर०एस०गर्ग जी ने मुख्य अथिति को माला पहना कर स्वागत किया। मुख्य अथिति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसकी समारोह में उप.िस्थित सभी अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्तियो ने सराहना की और सभी ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्दन किया अंत में अध्यक्ष ने बच्चों के उत्साह के लिये दो शब्द कहे और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 28 जनवरी 2015



धौलपुर... समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं

### मयूरी विशेष विद्यालय

मयूरी विशेष विद्यालय में 66 वां गणतंत दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था की संचालिका मधु गर्ग ने राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली। समारोह में उपस्थित डॉ. आरएस गर्ग ने सभी को गणतंत्र दिवस पर शुभकामनायें दी। समारोह में मूक बधिर बच्चों ने राष्ट्र भक्ति एवं महिला सशक्तिकरण की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विपतीराम गर्ग, निरोती लाल गर्ग, कायम सिंह, शिवशंकर अग्रवाल, कन्हैयालाल शर्मा, मुरारीलाल सिंघल, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर, चीकू कमठान, रामकुमार गर्ग, मुकेश रावत, विनोद तौमर, मुन्नालाल आदि उपस्थित थे।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 28 जनवरी 2015

राजस्थान पत्रिका
धौलपुर . बुधवार
28.01.2015

धौलपुर

# जिलेभर में शान से फहराया ति

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा :** समारोह में सरकारी विद्यालयों की छात्राओं की ओर से मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिनमें राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने 'हिन्दुस्तान हमार प्यारा सब देशों से न्यारा है', जवाहर नवोदय विद्यालय ने 'चलो जवानों बढ़ो जवाना', बाड़ा हैदर साहब बालिका माध्यमिक विद्यालय ने 'अगर हम नहीं देश के काम आए धरा क्या कहेगी' न क्या कहेगा' गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। समूह नृत्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर ने 'मेरे देश की धरती सोना उगले', जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने 'राजस्थानी कालबेलिया नृत्य, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय बाड़ा हैदरसाहब की छात्राओं ने 'पुकारती नई धरा, पुकारता नया' प्रस्तुति दी। इससे पूर्व जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम ने कलक्टर निवास और कलक्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण किया। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य सतीश शर्मा ने ध्वजारोहण कर बालिकाओं को हर क्षेत्र में भाग लेकर अग्रणी रहने एवं वतन की सेवा के लिए त्यागवान होने का आह्वान किया। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष बुलबुल गुर्जर, रीना, चंचल कश्यप, रश्मि पहाडिया आदि उपस्थित थीं। जिला रोजगार कार्यालय पर रामवीर सिकरवार ने ध्वजारोहण कर देशभक्तों को याद किया। कार्यालय कर्मचारी सुरेशचंद गोरखा, ममता, घूरेलाल, राकेश कुमार, नरेन्द्र सिंह सहित आदि थे। कमला स्नातकोत्तर महाविद्यालये में कार्यकारी निदेशक आरएपी सिंह ने ध्वजारोहण कर देश में अनुशासन की आवश्यकता का चिन्हित किया। अध्यक्ष डॉ. आरआरएल शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज शर्मा, कल्पना गुर्जर आदि थे। खादी ग्रामोदय समिति में कार्यालय संस्था मंत्री अनंग पाल सिंह सिसोदिया ने ध्वजारोहण किया।

मन्दी विशेष विद्यालय में [illegible]

किसान समिति के कायम सिंह परमार ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं का देशप्रेम के लिए उत्साहवर्धन किया। मौके पर विद्युत अभियंता सुरेशचंद मीणा, मनीष दधीच, संस्था सचिव आरएस गर्ग, मधुगर्ग, रेखा, रेनू, प्रीती, नम्रता परमार सहित आदि थे। राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय में प्रधानाध्यापक रामअवतार सिंह ने ध्वजारोहण किया। उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर आवासन मण्डल में अध्यक्ष एमलाल ने ध्वजारोहण कर बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए पुरस्कार वितरण कर मिठाई बांटी। व्याख्याता शमा सक्सैना, अमर सिंह, कल्पना







ध्वजारोहण करते अतिथिगन एवं श्री आर०एस०गर्ग ।



अतिथिगन को समानित करते हए श्री आर०एस०गर्ग एवं श्रीमती मधु गर्ग ।



छात्रओं के दवारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# 16 छात्रों को शैक्षिक भमण कराया गया

दिनॉक 13.03.2015 को मयूरी विशेष विद्‍यालय में बच्चों को कृषि-फ़ार्म पर शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। जहां पर बच्चों ने पहली बार खेतों मे विभिन्न भाती की सब्ज़िओ से अवगत कराया गया।



# 17 राजस्थान स्थापना दिवस

दिनॉक 30.03.2015 को मयूरी विशेष विद्यालय में राजस्थान स्थापना दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यकर्म में विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोक गीत, काहानी, नित्ये, इत्यादि ने वातावरण को मधुर कर दिया । कार्यकर्म के अध्यक्षता संचालिका श्रीमती मधु गर्ग के द्वारा किया गया ।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 31 मार्च 2015

राजस्थान पत्रिका
धौलपुर . बुधवार
01.04.2015
धौलपुर

समारोह ⟩ राजस्थान दिवस पर देर रात्रि तक हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

## म्हारी घूमर नखराली...



धौलपुर. कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।



धौलपुर. कार्यक्रम में मौजूद लोग।

धौलपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

राजस्थान दिवस के अवसर पर सोमवार रात को जिला मुख्यालय पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। पंचायत समिति प्रांगण में जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में विख्यात गायक और संगीतकार रामवीर परमार और स्कूली विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोक गीत, भक्ति संगीत, हिन्दी फिल्मों पर आधारित संगीर्त पर नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

जिला कलक्टर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं ने 'काल्यो कूद पड्यो मेला म' और 'म्हारी घूमर नखराली छ ये मां की' नृत्य प्रस्तुति दी।

ठाकुर जीएसएवीएम स्कूल सैपऊ के विद्यार्थियों ने 'देश मेरे देश मेरे', राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक की बालिकाओं ने 'चूड़ी चमके रे मोती रा चमके' पर नृत्य किया। मयूरी विशेष विद्यालय के मूक, बधिर विद्यार्थियों ने झप्पियों सा देश है मेरा, एवीएम धौलपुर के विद्यार्थियों ने नगाडे संग ढ़ोल बाजे, ऋषि गालव विद्यालय की बालिका ने वन्दे मातरम, वन्दे मातरम की प्रस्तुति दी। रामवीर परमार ने कबीर के साहित्य की संगीतमय प्रस्तुति के साथ वीर रस से जुड़ी रचनाएं और गजल सुनाई। स्थानीय लोक कलाकार भगवान स्वरूप ने 'भा जाए मन को' भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा गुरू ने किया। सांय 7 बजे से शुरू हुई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन और अधिकारी उपस्थित थे।

विभिन्न समाचार पत्रिका दिनाक 31 मार्च 2015

अमर उजाला राजस्थान

# लोकनृत्य ने बिखेरी राजस्थानी छटा

## त्याग और बलिदान की भूमि है राजस्थान: डीएम






राजस्थान दिवस के मौके पर सोमवार को धौलपुर पंचायत समिति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते लोक कलाकार। बाएं चित्र में स्कूली बालिका।

अमर उजाला ब्यूरो

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस के पर सोमवार रात को धौलपुर पंचायत समिति परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोक कलाकारों ने प्रस्तुति से मन मोह लिया। मुख्य अतिथि कलक्टर कुमार पाल गौतम ने कहा कि राजस्थान त्याग और बलिदान की भूमि है। प्रदेश के विकास में आमजन को भी अपनी भागीदारी निभानी होगी। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने कहा कि राजस्थान विकास के पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

सरकार द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी को संबल मिला है। आयोजन में मयूरी मंद बुद्धि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने राजस्थान की महिमा का चित्रण करते हुए मनोहारी लोकनृत्य 'सबसे न्यारा, सबसे प्यारा हमारा राजस्थान .... ' प्रस्तुत कर समां बांधा। मूक बधिर छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीत जय हो...की भी प्रस्तुति दी। आयोजन में लोक कलाकार रामवीर सिंह सिकरवार ने

## 18 अभिभावक प्रतिक्रिया



Date :

आज दिनांक 27.5.15 को अधोहस्ताक्षरकर्ता R.P. (CWSN) ने विद्यालय में वार्षिक परीक्षा में संबलन प्रदान किया। विद्यालय के प्र. अ. श्री ईश्वर चन्द शास्त्री बच्चों की नियमानुसार परीक्षा आयोजित कर रहे थे बच्चे परीक्षा तन्मयता के साथ शान्ति पूर्ण रूप से दे रहे थे

RP(CWSN)
Block SSA
Dholpur

आज दिनांक 14.10.14 को विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को संबलन प्रदान किया गया। विद्यालय में श्रवण बाधित बालकों की श्रवण क्षमता के मूल्यांकन किया स्पीच थैरेपी से जाँच किया जाँचोपरान्त विद्यालय कार्य दिवस के दिन शुक्रवार या शनिवार को माही, करवेन्द्र, गौरव, तमन्ना, सूरज, रूबी, अनिल में से जाँच किए बालकों को संदर्भ कक्ष इन्दौर में ऑडियोग्राम जाँच हेतु भिजवाना अच्छा रहेगा। विद्यालय में सभी बालक अनुशासित रूप में शिक्षक संबलन करा रहे थे। सभी का कार्य सराहनीय है।

बलराम बैरवा
C.W.S.N. R.P. IED
Block SSA
Dholpur

आज दिनांक 5.12.2014 को CWSN बालकों को संबलन प्रदान किया गया। विद्यालय में डाइस प्रपत्र भरवाने में सहयोग प्रदान किया।

RP CWSN
Block SSA
dholpur

RP SSA
Block
Dholpur

विशवास और सदभावना के साथ

**For & on behalf of**
**Seth Ninuaram Charitable**
**Public Welfare Society**
**Secretary**

**वार्षिक रिपोर्ट 2014-15**

**(सेठ निनुऑराम चैरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसायटी के अंतर्गत)**